**खबर संक्षेप**

## अवैध उत्खनन पर सख्त हुए कलेक्टर, खनिज निरीक्षकों को दिए सघन निरीक्षण के निर्देश

**मण्डला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की खनिज संपदा के संरक्षण, अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण तथा जिला खनिज संस्थान मद (डीएमएफ) अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने जिले में डोलोमाइट सहित अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खनिज निरीक्षकों को फील्ड में सक्रिय रहते हुए अपने-अपने क्षेत्रों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि निरीक्षण के उपरांत वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली खदानों पर नियमानुसार अर्थदंड एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला खनिज संस्थान मद (डीएमएफ) के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देशित किया कि स्वीकृत सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। बैठक में सहायक कलेक्टर शैलेन्द्र चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना, जिला अधिकारी तथा खनिज निरीक्षक उपस्थित रहे।

## 11 मई को होगा टेकरी वाले हजरत बाबा चाँदशाहवली रहमतुल्लाह अलैह का शाही संदल

**मण्डला।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टेकरी वाले हजरत बाबा चाँदशाहवली रहमतुल्लाह अलैह महाराजपुर मंडला (पोड़ी टेकरी) का उर्स मुबारक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। दरगाह कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 11 मई 2026, सोमवार को शाम 4 बजे शाही संदल मड़ई भाटा दरबार से रवाना होगा, जो शहर गश्त करते हुए पोड़ी टेकरी दरगाह पहुंचेगा। दरगाह पहुंचने के बाद ईशा की नमाज के पश्चात दरगाह शरीफ को ग़ुस्ल दिया जाएगा तथा चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। उर्स मुबारक के अवसर पर दूर-दूर से अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर दरगाह कमेटी द्वारा तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। दरगाह कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं और बाबा के चाहने वालों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उर्स मुबारक में शामिल हों और बाबा की दरगाह से फैज व बरकत हासिल करें।

**जी एच रायसोनी की स्मृति जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन**

# जूनियर, सीनियर व वेटरन्स दिखा रहे दम

*** खेल के विकास के लिए हर संभव मदद का कलेक्टर ने दिलाया भरोसा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में जी एच रायसोनी स्मृति तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का स्थानीय इनडोर स्टेडियम (ऑडिटोरियम) में कलेक्टर राहुल नामदेव धोते के मुख्य आतिथ्य, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी की अध्यक्षता और प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शैलेन्द्र चौधरी व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराडकर के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत मंडला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर कलेक्टर राहुल नामदेव धोते ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खिलाड़ियों के कहा कि खेल को खेले और बेहतर तरीके से खेले। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खेल के विकास के लिए हर संभव मदद खिलाडियों को प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस बात पर ख़ुशी जाहिर की कि मंडला में बैडमिंटन एसोसिएशन काफी लम्बे समय से बेहतर कार्य कर रहा है जिससे कई स्टेट व नेशनल लेवल के खिलाडी मंडला से निकले है है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करें।

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कहा कि खेल का मनुष्य के जीवन में काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। जो खिलाड़ी होता है वो कि भी विषम परिस्थिति में भी हार नहीं मानता और सफल होकर निकलता है। हर नहीं माने का जज्बा ही खिलाड़ी को अच्छा खिलाड़ी और बेहतर इंसान बनाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के शुभकामना देते हुए कहा कि वे खिलाड़ियों को हर संभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जिले के दोनों आलाधिकारियों ने खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराडकर के कार्यों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि इनके अनुभव का लाभ जिले को मिल रहा है जिससे जिले में विभिन्न खेलों को लेकर एक अच्छा वातावरण तैयार हो रहा है। इससे जल्द ही प्रदेश व राष्ट्र के खेल के नक्शे में मंडला के खिलाड़ियों की चमक बिखरती नज़र आएगी।




प्रतियोगिता का शुभारम्भ एक शो मैच के साथ हुआ। यह रोमांचक और संघर्षपूर्ण मैच कलेक्टर राहुल नामदेव धोते व प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी शैलेन्द्र चौधरी की जोड़ी और पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराडकर की जोड़ी के बीच खेला गया। इस दौरान दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कलेक्टर राहुल नामदेव धोते व पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने पारंगत खिलाड़ियों की तरह शानदार सर्विस, शॉट्स व ड्राप से दर्शकों को हैरत में डाल दिया।

ओपनिंग शो मैच के बाद प्रतियोगिता का ओपन सीनियर्स केटेगरी के ग्रुप ए का पहला युगल मुकाबला खेला गया। इस मैच में मानस व मृदुल की जोड़ी ने आशीष व शुभांशु की जोड़ी को 15-11, 15-10 से सीधे सेट्स में हरा दिया। इसके बाद खेले गए मुकाबलों में तुषार/यशव ने अजय/भाग्योदय को 15-6, 15-4, मानस/मृदुल ने अजय/भाग्योदय को 15-5, 15-8 और तुषार/यश ने आशीष/शुभांशु को 16-14, 17-15 से मात दी। ग्रुप बी के मुकाबलों में विकास/नीलेश ने हर्ष/वरुण को 15-9, 13-15, 15-10, दिव्यांक/अमित ने कुशाग्र/शिखर को 15-5, 15-6, हर्ष/वरुण ने आदि/उत्सव को 15-6, 15-8 और दिव्यांक/अमित ने आदि/उत्सव को 15-12, 15-8 शिकस्त दी। वेटरन्स मेन डबल्स 35 प्लस केटेगरी में मुकेश छत्री व सुयंक श्रीवास्तव की जोड़ी ने डॉ. सुमित व हेमराज की जोड़ी को 15-9, 15-8, वी आर मेश्राम / घन्नू यादव ने महेश भवेदी/अमन निरपाची को 15-5, 15-9 और अंकित चौरसिया/कमल साहू ने शरद कुकड़िया/हर्ष मेघवाल को 15-7, 15-7 को हराकर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में सीनियर ओपन के साथ -साथ जूनियर वर्ग में 11, 13, 15 व 17 साल से कम आयु वर्ग के प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे है। सीनियर खिलाडियों के लिए वेटरन्स ग्रुप में 35, 45 व 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी भी शामिल है।

# 4 किलोमीटर ऊबड़-खाबड़ रास्ते को पक्का बनाने की गहराती जनमांग



*** बड़झर से औढ़ारी के बीच बना हुआ है नर्मदा परिक्रमा पथ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कहने को तो हर छोटे-बड़े गांवों और कस्बे शहरों को आपस में एक-दूसरे से जोड़ने ग्रामीण पहुंच मार्गों के निर्माण पिछले कुछ वर्षों से बहुत हुए हैं।भले ही उन मार्गों की उम्र या गुणवत्ता का ध्यान शायद किसी निर्माण एजेंसियों ने या विभाग ने रखा हो। कुछ मार्ग तो एक तरफ बनते गए और दूसरी तरफ से उखड़ते भी गए हैं। जैसा भी हो रिकार्ड में पक्के सड़क मार्ग बनकर तैयार तो हो चुके हैं पर उन पर चलने पर पता चलता है, कि इससे अच्छा तो पहले की ही स्थिति थी। निवास विकासखंड के मोहगांव ब्लाक के दर्जनों ग्रामीणों की लंबे समय से मांग चल रही है कि सिंगारपुर और चकदेही को जोड़ने वाला बड़झर से औढ़ारी के बीच नर्मदा नदी के तट पर लगभग चार किलोमीटर लंबा ऐसा मार्ग है, जो बहुत ही व्यस्त रहता है, बावजूद यह बड़े-बड़े पत्थरों और बोल्डरों वाला ऊबड़-खाबड़ है। सबसे बड़ी बात तो यह कि यह सबसे महत्वपूर्ण मार्ग नर्मदा पथ है जहाँ इस रास्ते से होते हुए नर्मदा परिक्रमावासियों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है। यह तो सभी जानते हैं कि अधिकतर नर्मदा परिक्रमा वासी जूते-चप्पल पैर में बिना पहने नंगे पैर चलकर साधना के साथ परिक्रमा करते हैं। ऐसे ऊबड़-खाबड़ रास्ते से चलने में इनकी परेशानियां और भी बढ़ जाती हैं। इस रास्ते से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों की भी आवाजाही रहती है। इस सड़क मार्ग के डाम्हलीकरण हो जाने से नर्मदा परिक्रमावासियों, राहगीरों, ग्रामीण आम जनों को आवाजाही करने में बड़ी सुविधा होगी। क्षेत्रवासी हेमराज मसराम और समाजसेवी पी.डी.खैरवार ने बताया है,कि पक्के सड़क निर्माण के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण वर्षों से मांग करते आ रहे हैं पर अब तक उनकी मांगों का असर पड़ते दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे क्षेत्रवासी ठगे से अनुभव करते अपने जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सरकार पर भी तरह-तरह के सवाल उठाते चर्चा का विषय बनाए हुए हैं।

# अब जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए मिलेगी सीधी रेल सेवा

*** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों को किया रवाना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला जिले के रेल यात्रियों को बड़ी सौगात मिली है। अब यात्रियों को जबलपुर और छिंदवाड़ा जाने के लिए नैनपुर में ट्रेन बदलने या अलग-अलग ट्रेन नंबर की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मंडलाफोर्ट से जबलपुर एवं छिंदवाड़ा के लिए सीधी रेल सेवा शुरू होने से क्षेत्र के यात्रियों की यात्रा अब अधिक सरल, सुविधाजनक और सुगम हो जाएगी।

नई व्यवस्था के तहत गाड़ी क्रमांक 58828 मंडलाफोर्ट-नैनपुर एवं 58824 नैनपुर-छिंदवाड़ा रेल सेवाओं के स्थान पर अब मंडलाफोर्ट-छिंदवाड़ा सीधी रेल सेवा (गाड़ी क्रमांक 58824) संचालित की जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी क्रमांक 51712 मंडलाफोर्ट-नैनपुर एवं 51706 नैनपुर-जबलपुर रेल सेवाओं के स्थान पर अब मंडलाफोर्ट-जबलपुर सीधी रेल सेवा (गाड़ी क्रमांक 51706) संचालित होगी।

रेलवे की इस नई व्यवस्था से यात्रियों को एक ही ट्रेन नंबर के साथ सीधी यात्रा की सुविधा मिलेगी, जिससे यात्रा के दौरान होने वाली असुविधा और समय की बचत होगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस सुविधा की मांग कर रहे थे, जिसे अब अमलीजामा पहनाया गया है।

इन सीधी रेल सेवाओं का इनॉग्रल रन 9 मई 2026 को दोपहर 3 बजे मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री कुलस्ते ने दोनों ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में यात्री एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, डीआरएम नागपुर डिवीजन बिलासपुर जोन श्री दीपक कुमार गुप्ता, जनप्रतिनिधि श्री प्रफुल्ल मिश्रा, श्री जयदत्त झा, श्री रानू राजपूत सहित रेलवे विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने मंडला जिलेवासियों को नई रेल सुविधा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मंडलाफोर्ट से जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए सीधी रेल सेवा शुरू होने से यात्रियों को ट्रेन बदलने और अलग-अलग ट्रेन नंबर की असुविधा से राहत मिलेगी। इससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी किसी भी क्षेत्र के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती है। मंडला क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं और आने वाले समय में रेल सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह नई पहल मंडला जिले के रेल विकास को नई दिशा देने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी। नई रेल सेवा शुरू होने से मंडला जिले के यात्रियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## सरही ग्राम में नवनिर्मित कैंटीन का हुआ उद्घाटन, ग्रामीणों और पर्यटन से जुड़े लोगों से अधिकारियों ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

**कान्हा राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत सरही ग्राम में कल एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) समिता राजोरा, क्षेत्र संचालक रविंद्र मणि त्रिपाठी, एसडीओ बफर क्षेत्र आशीष पांडे सहित वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नवनिर्मित कैंटीन का विधिवत उद्घाटन किया गया।**



इस अवसर पर ग्रामवासियों, जिप्सी एसोसिएशन के सदस्यों, गाइडों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं सकारात्मक समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। संवाद कार्यक्रम के दौरान पर्यटन गतिविधियों, स्थानीय रोजगार, वन संरक्षण तथा ग्रामीण सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि कान्हा राष्ट्रीय उद्यान केवल वन्यजीव संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय के विकास और सहभागिता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्रामीणों एवं पर्यटन से जुड़े लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से प्रशासन और स्थानीय समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। ग्राम पंचायत की सरपंच पार्वती उईके, स्थानीय निवासी राजू यादव, दीपक यादव, लल्ला यादव, शोभित रावत अनुज उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने उपस्थित अधिकारियों से सार्थक संवाद किया।

**समर कैंप** | **मंडला में 15 दिवसीय भव्य क्रिकेट समर कैंप का आयोजन।**

# नर्मदा सनराइजर्स ने फाइन चैलेंजर को हराया

*** टूर्नामेंट में शामिल तीन टीमें खेल रही अपने लीग मैच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला क्रिकेट संघ (DCA) एवं मैकल क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 1 मई से 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप जारी है साथ ही एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैकल कप 2026 का शुभारंभ 9 मई से स्टेडियम ग्राउंड मंडला हो चुका है। टूर्नामेंट में तीन टीम शामिल हैं जो मैच लीग मैच खेल रही हैं।

सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए मैच में वरिष्ट खिलाड़ी ओंकार बर्मन, तेजलाल परस्ते, सत्यप्रकाश दुबे ने दोनों टीम के कप्तान के सामने टॉस किया जिसमे फाइन चैलेंजर ने पहिले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। नर्मदा सनराइजर्स के पहिले दो विकेट जल्द गिर गए लेकिन बल्लेबाजी में चरित्र परते 51, युवराज यादव 42, दीपक 37 रनो की साझेदारी कर 224 रनो का लक्ष्य चैलेंजर को दिया। नर्मदा सनराइजर्स के गेंदबाज तेजस ने 6 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेंजर के दो विकेट जल्द ही पवेलियन लौट गए किंतु अभिज्ञान 51 एवं पांडे 21 ने साझेदारी कर रनो को बढ़ाया किन्तु दक्ष की स्पिन गेंदबाजी के सामने चैलेंजर बिखरती चली गई अंत में यह मैच नर्मदा सनराइजर्स ने 79 रन से जीत लिया।दक्ष और तेजस ने 6-6 विकेट हासिल किए हैं। विदित हो कि यह टूर्नामेंट लीग आधारित है सभी टीम दो दो मैच खेलेगी पश्चात फाइनल मैच होगा। यह प्रशिक्षण शिविर 1 मई से शुरू होकर 15 मई तक चलेगा। इसमें 8 वर्ष की आयु से लेकर सीनियर वर्ग तक के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर के दौरान खिलाड़ियों को कुशल प्रशिक्षकों एवं अनुभवी सीनियर खिलाड़ियों की निगरानी में क्रिकेट की बारीकियों और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के दौरान 9मई से एकदिवसीय मैचों का मैकल कप टूर्नामेंट हो रहा है जिसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन दिया जाएगा। टूर्नामेंट में मैकल मंडला, नर्मदा सनराइजर्स एवं फाइन चैलेंजर हिस्सा ले रहे हैं। कैंप एवं मैच के दौरान चयन समिति के सदस्य इम्तियाज अली, पंकज दुबे, अक्षय चंद्रोल, श्री फैजान एवं प्रशिक्षक बसंत ठाकुर, सत्यम बर्मन, युवराज यादव, मोहित बर्मन, शैलेन्द्र सहित पत्रकार जावेद अली, सिकंदरजी, प्रशांत पटेल, सत्यप्रकाश दुबे सहित सभी सदस्य समय समय पर उपलब्ध रहेंगे। लीग पश्चात फाइनल मैच एवं कैंप फायर होगा जिसमें पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा।

## जनपद सीईओ के खिलाफ फर्जी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



किसी भ्रष्ट प्रतिनिधि या नेता के लिये इससे अच्छी बात क्या हो सकती है कि संबंधित विभाग का अधिकारी उसकी उंगलियों में नाचे ताकि ऐसे प्रतिनिधि की काली करतूत या भ्रष्ट कार्यों पर पर्दा पड़ा रहे और ये अपना उल्लू सीधा करते रहें।

देश प्रदेश में ऐसे जाली शिकायत पत्र के मामले सुनने में आते ही रहते हैं, लेकिन निवास जनपद सीईओ के विरुद्ध इस तरह के जाली पत्र का निवास अनुविभाग में वायरल होना गंभीर चिंता का विषय जरूर बन गया है।

निवास जनपद सीईओ श्रीमती श्रद्धा सोनी के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम शिकायत पत्र के वायरल होने के षड्यंत्र से एक ओर जहां सीईओ के माथे शिकन बढ़ गई, तो वहीं सरपंचों के बीच यह गंभीर चर्चा का विषय बन गया कि ये हरकत किस प्रतिनिधि ने की होगी।

ज्ञात हो कि कथित रूप से सरपंच संघ के व्हाट्सएप ग्रुप पर एक पीड़ीएफ सर्कुलेट हुई जिसमें 6 बिंदुओं में गंभीर आरोप लगाते हुये निवास जनपद सीईओ को हटाने सहित जाँच की मांग की गई है, इस पत्र में जनपद की 35 पंचायतों में से 26 सरपंचों की शील व हस्ताक्षर दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें कथित तौर पर एडिट कर शोशल मीडिया में वायरल किया जाना बताया जा रहा है।

उक्त पत्र के वायरल होते ही निवास सीईओ द्वारा सच्चाई जानने सरपंचों को मीटिंग में बुलाया गया, जिसमें लगभग 17 सरपंच शामिल हुये जिन्होंने यह कहा कि ऐसे किसी पत्र पर हमने दस्तखत नहीं किया साथ ही किसकी यह करतूत है हमें नहीं मालूम, पश्चात उपस्थित सरपंचों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर वायरल हुये पत्र के अज्ञात कुट रचनाकार का पता लगाकर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

### दो धड़ो में बंटा सरपंच संघ

मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन में कुछ पंचायतों के जोड़े नहीं लिए जाने व कथित रूप से अधिकारियों द्वारा सरपंचों की अनसुनी से नाराज अधिकांश सरपंच विवाह समारोह में शामिल होना छोड़ निवास विश्राम ग्रह में बैठकर नाराजगी व्यक्त की थी, वहीं विश्वस्त शुत्र बता रहे हैं कि उसी वक्त निवास सीईओ के खिलाफ हुई चर्चा को ही किसी सरपंच पति ने शिकायत पत्र का रूप दिया, और पूर्व में दिये गये ज्ञापन में सरपंचों के हस्ताक्षर वाले हिस्से को जोड़कर वायरल किया गया है जो शासकीय दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के तहत कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। जिसे शासन प्रशासन को संज्ञान में लेकर तह तक पहुँचना जरूरी है ताकि इस तरह के फर्जी कागजों को शोसल मीडिया में वायरल कर अधिकारियों कर्मचारियों की छवि धूमिल करने पर रोक लग सके।

## खबर संक्षेप

### उधारी के पैसा मांगने पर हाथ मरोडा

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन निवासी दर्शन पिता प्रहलाद रझर उम्र 70 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से कही जा रहा था तो रास्ते में गांव का कैलाश मेहरा मिला जिससे प्रार्थी द्वारा उधार दिये गये अपने पैसो की मांग किये जाने पर आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये हाथ मरोडते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भाई ने भाई को लाठी मारकर चोट पहुंचाई

**सालीचौका।** स्थानीय पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खैरूआ निवासी अनुज पिता हृदय ठाकुर उम्र 30 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपने घर पर था उसी समय प्रार्थी का बडा भाई महेश ठाकुर आया और किसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बडे भाई के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मकान की जगह को लेकर महिला से मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वार्ड क्रमांक 2 में निवास करने वाली एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वार्ड क्रमांक 2 में उसके मकान का निर्माण चल रहा है। वही बाजू में ही मुकेश साहू का भी मकान है। जब प्रार्थिया अपने मकान को देखने पहुंची तो वहां पर मुकेश साहू एवं उसकी पत्नी द्वारा प्रार्थिरूा को मकान की जगह की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी पत्नी पत्नि के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लोहे की राड़ से मारपीट कर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बेलखेडी निवासी प्रभात पिता नौनक लाल पटैल उम्र 29 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह अपने खेत पर था उसी समय ग्राम आमगांव छोटा निवासी मनीराम उर्फ गुनिया तथा ग्राम नांदनेर निवासी नन्दू श्रीवास अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहे थें। प्रार्थी को देखकर दोनों ने मोटर साईकिल रोकते हुये गंदी गंदी गंदी गालिया देने के साथ लोहे की राड से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**हर व्यक्ति की जिन्दगी में माँ ही होती है जो अपने बच्चे के जीवन व खुशहाली के लिये जिन्दगी दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटती है**

# माँ का दुलार जीवन में कभी भुलाया नहीं जा सकता

## आज मदर्स डे पर माँ का स्नेह भरा आशीर्वाद मिलना सबसे बड़ा सौभाग्य...







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भारतीय संस्कृति में बच्चों को जन्म देकर उनका स्नेह से पालन पोषण करने वाली माँ का जितना महत्व बताया गया है। शायद ही किसी भी व्यक्ति के जीवन में उससे अधिक महत्व माँ से बढ़कर अन्य किसी का हो...? क्योंकि हर व्यक्ति के जीवन में माँ इस प्रकार से होती है जो सभी प्रकार के दुखों को सहन करते हुये अपने बच्चों के प्रति अपना जीवन न्यौछावर तक करने के लिये सबसे आगे खड़ी देखी जाती है। क्योंकि माँ सभी प्रकार के दुख सुख सहन करते हुये जिस प्रकार से अपने बच्चे को नौ माह तक गर्भ में रखने के बाद जब उसे जन्म देती है तो निश्चित तौर से माँ की जिन्दगी दांव पर लगने से नही चूकती है। वही अपने बच्चे के भरण पोषण के दौरान भले माँ भूखी प्यासी रह जावे मगर अपने बच्चें को कोई भी माँ चंद मिनिट भूखा नही देख सकती है। यदि बच्चें के पैर में कांटा लगता है तो दर्द माँ को होता है। जब माँ ही होती है जो अपने बच्चे के जीवन व खुशहाली के लिये अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाने में पीछे नही हटती है और आज मदर्स डे पर माँ का स्नेह भरा आर्शीवाद मिलना निश्चित तौर से सबसे बड़ा सौभाग्य माना जाता है। क्योंकि किसी भी बच्चें को संस्कारवान व आत्म निर्भर बनाने में उसकी माँ की भूमिका को ही महत्व पूर्ण माना गया है। जब किसी भी बच्चें का जीवन संकट में होता है तो उसकी माँ अपने बच्चें के जीवन के लिये पत्थर से भी टकराने के लिये तैयार हो जाती है। यही कारण है कि जब किसी भी बच्चें की रक्षा के लिये जब माँ खड़ी होती है तो काल भी उसके समीप आने के पहले अनेक बार सोचने के लिये मजबूर होने से नही चूकता है। क्योंकि माँ के न होने पर व्यक्ति का जीवन निराशा जनक बन जाता है। मगर जब किसी के ऊपर माँ की छत्र छाया नही होती है तो माँ की गैर मौजदूगी में कोई यह पूछने वाला तक नही होता है कि वह भूखा है कि प्यासा है। इसलिये हर व्यक्ति के जीवन में माँ का अलग ही महत्व होता है। यह बात अलग है कि कुछ लोग भौजिक बादी युग में अपनी माँ को भूलाकर अपनी बीबी व बच्चों के साथ सुखमय जीवन बीताते हुये माँ से दूर हो जाते है। मगर उन्हें वह सुखमय जीवन उपलब्ध कराने में माँ का ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिस व्यक्ति के घर में माँ और पिता मौजूद रहते है उन लोगों को सबसे बड़ा तीर्थ घर में ही माना जाता है। क्योंकि जब भी माँ मंदिर जावेगी तो भगवान से सबसे पहले वह अपने बच्चें की खुशहाली की दुआये करते हुये देखी जाती है। आज मदर्स डे के अवसर पर जब हरिभूमि ने आमजन से चर्चा की गई तो शहर के अनेक युवाओं की प्रतिक्रिया में अधिकतर किशोर व नौजबनों का कहना था कि जीवन के संग्राम में उतरने से पहले उनके लिये माँ का आर्शीवाद ही सभी सुविधाएं, संबल, मार्ग दर्शन के साथ इस दुनिया दारी की समझ देते है उसके जरिये उनको जीवन में आगे बढ़ने की नई राहे मिल जाती है। क्योंकि दुनिया में किसी बच्चें को सही राह दिखाने वाली सदा ही उसकी माँ होती है जो हर परेशानियों को झेलते हुए बच्चें के भविष्य का उज्जबल बनाने में कोई कसर नही छोड़ती है। इस संबंध में नगर नर्मदा कालोनी निवासी कुमारी तपस्या कौरव का कहना है कि हर व्यक्ति के जीवन में माँ इस प्रकार से होती है जिसके बगैर बच्चें चलना भी नही सीख सकते है। क्योंकि भले ही उसके पिता काम की आपा धापी के दौरान उसके बेटी व बेटा की समस्याओं को भूल जावे। मगर माँ कभी नही भूलती है और हर माँ का सपना रहता है कि उसकी बेटी सदा ही आगे बढ़कर दो कुलों का राम रोशन करे। इसलिये आज में तो यही कहती हूं कि जिस बेटी को आज माँ का आर्शीवाद मिल रहा है वह दुनियाँ का सबसे बड़ा सौभाग्य शाली है। इन्द्रा कालोनी निवासी कुमारी प्रतिभा कौरव का कहना है कि माँ का प्यार अनमोल व छत्र छाया यादगार होती है। हर व्यक्ति के जीवन में सदा ही माँ का आर्शीवाद मिलता रहे यह उसके लिये सबसे बड़ा सौभाग्य की बात मानी जा सकती है। भले ही हम कितने भी बडे हो जावे। मगर जब माँ का सिर पर हाथ पड़ताा है तो निश्चित तौर से अनोखा अहसास होता है। वह दुनियों मे और कही नही मिल सकता है। इसी प्रकार से ग्राम महगंवा निवासी रितुराज का कहना है कि माँ निश्छलता, प्यार की प्रति मूर्ति होने के साथ साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये जिस प्रकार से बच्चों का भविष्य संभारती है उसके चलते निश्चित तौर से बेटी अपने परिवार का नाम रोशन करने से नही चूकती है। इसलिये सदा ही हर बेटी को अपनी माँ की ममता का सम्मान करते हुये उसके द्वारा बताये गये कदमों पर चलकर माँ के आर्शीवाद का सम्मान करना चाहिये। विजय कालोनी निवासी आदित्य सिंह यादव का कहना है कि कोई भी माँ अपने बच्चों के भविष्य के लिए मुस्काराते हुए चिंतित रहती है कि कही मेरा बेटा किसी परेशानी में तो नही है। यदि बेटा किसी परेशानी में होता है तो माँ की अंतर आत्मा चंद निमिट में ही उसे इस बात का अहसास दिला देती है कि निश्चित तौर से बेटा किसी मुश्बित में है। इस प्रकार से हर व्यक्ति के जीवन में माँ एक भगवान के रूप में रहती है जो सदा ही अपने बच्चों को आर्शीवाद से भरा हुआ हाथ उनके सिर पर फेरने से नही चूकती है। यदि जिस बच्चें के ऊपर अपनी माँ का आर्शीवाद रहता है तो वह दुनियों की किसी भी शक्ति से संघर्ष करने में पीछे नही रह सकता है।

# हटाया जा रहा है नगर में अतिक्रमण- श्रीमति व्यारे



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिये बीते हुये तीन दिनों से जिला कलेक्टर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे द्वारा नगर पालिका व पुलिस प्रशासन के साथ लेकर नगर की सड़को पर फैले हुये अतिक्रमण को हटाने के लिये मुहिम चलाई जा रही है। बताया जा रहा है कि नगर की सड़को व शासकीय भूमि पर जिल लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये कब्जा जमाया गया है। इस तरह अतिक्रमणकारियों के लिये पहले ही मुनादी करते हुये स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की अपील की गई। मगर जब उनके द्वारा नही हटाया गया तो प्रशासन की टीम द्वारा पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इस तरह शनिवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान की तीसरे दिवस प्रशासन की टीम द्वारा पलोटन गंज से पानी टंकी मार्ग यानि की महावीर भवन तक तथा पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय मार्ग छीपा तिरहा तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि इस अभियान के तीसरे दिवस प्रशासन का बुलडोजर अनेक बडे बड़े अतिक्रमणो पर चलते हुये उन्हें धराशाही करने में पीछे नही रहा। पानी टंकी क्षेत्र में कुछ इस तरह की दुकाने भी देखने मिल जो काम्लेक्सों में अपने नाम से ली गई दुकानों को किराये से चलाते हुये दूसरे लोगों से किराया के रूप में हजारों रूपया बसूल रहे है। मगर वह खुद शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये दुकानदारी करते हुये देखे जा रहे है। वही कुछ लोगों का हाल इस तरह भी देखने मिला है जो अपने प्रभाव के बल पर शासकीय भूमि पर अपने टपरे जमाते हुये उन्हें किराये पर देकर गरीबों से हर माह हजारों रूपया बसूलने से नही चूक रहे है। इस तरह के अतिक्रमण को हटाते हुये शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग पर देखने मिली है। जहां पर अनेक पक्के अतिक्रमणों पर शासन का बुलडोजर चलते हुये देखा गया। इस संबंध में जब अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे से चर्चा करते हुये पूछा गया कि कुछ लोगों द्वारा शासन द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण पर पक्षपात का आरोप लगाया जा रहा है। इस संबंध में श्रीमति व्यारे का कहना है कि हमारे द्वारा न तो किसी के साथ कोई पक्षपात किया जा रहा है और न ही बगैर किसी कारण के किसी को परेशान किया जा रहा है। दो दिन से लगातार मुनादी के माध्यम से लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिये आग्रह किया जा रहा है। अतिक्रमण उन्ही स्थानों पर हटाया जा रहा है जहां पर यातायात में व्यवधान पैदा हो रहा है। क्योंकि नगर में आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों की मौते होने के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। हमारी सोच आम जनता को सुविधा प्रदान करने के साथ साथ शहर की सुन्दर व अनुशासित बनाना है। पक्षपात का आरोप सिर्फ वही लोग लगा रहे है जिन्होने खुद ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ था और हमारी टीम द्वारा उसे हटा दिया गया। पक्षपात के आरोप के माध्यम से उनकी पीड़ा झलक रही है। क्योंकि नगर के छीपा तिरहा से लेकर मंडी रोड तथा शांतिदूत तिरहा के पास अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क दुगनी चौडी हो चुकी है। प्रशासन की यह अतिक्रमण विरोधी मुहिम लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान हमको पुलिस व नगर पालिका प्रशासन के साथ साथ मीडिया सहित आम जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## नगर को सुन्दर बनाने लोगों ने दिये सुझाव



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के साथ साथ विकास कार्यो को गति प्रदान करने के आलवा शहर की सुन्दर बनाने की सोच के चलते बीते हुये शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शहर की बीटीआई स्कूल के पास बने हुये एनटीपीसी भवन में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बताया जाता है कि इस बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम,, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सहित कानून गौ कार्यालय प्रभारी अवधेश पाठक और नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया। वही बैठक में समिति के सदस्यों ने यातायात सुधारने, गड्ढों की मरम्मत करने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, मनमानी तरीके से पार्किंग न करने, अतिक्रमण हटाने, एनटीपीसी वाहनों की गति निर्धारित करने आदि के संबंध में सुझाव दिए गए। वही उन्होंने एनटीपीसी को निर्देशित किया कि एनटीपीसी से लोड होने वाले वाहनों की जांच परिसर में ही करें। सड़क के किनारे वाहनों को अनावश्यक रूप से खड़े न रखने के निर्देश दिए। वही नगर के लोगों द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के साथ साथ विकास की गति को आगे बढ़ाने के आलवा शहर की सुन्दर बनाने के लिये अपनी ओर से दिये गये सुझावो पर अधिकारियों द्वारा जहां प्रसन्नता व्यक्त की गई। वही वर्तमान समय में प्रशासन की टीम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिये चलाई जा रही मुहिम को लेकर जरूर कुछ इस तरह के लोगों द्वारा अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया जो खुद ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये हुये थे और अतिक्रमण विरोधी टीम द्वारा उनका अतिक्रमण तोड़े जाने के चलते उनकी अपने आप को हरिशचंद बनने की सच्चाई आम जनता के सामने आने से नही चूक पाई है..? इस तरह देखा जावे तो प्रशासन की टीम द्वारा नगर में चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाने के कार्य को जहां आम जनता द्वारा सराहा जा रहा है। मगर इस पर अपत्ति व पक्षपात का आरोप सिर्फ उन्ही लोगों को लगाते हुये देखा जा रहा है जिनके द्वारा शासकीय भूमि को अपनी सपत्ति समझते हुये कब्जा करने में पीछे नही है। इस तरह अतिक्रमण विरोधी टीम द्वारा जब इस तरह सफेद पोषाख धारियों की पोल खोलते हुये अतिक्रमण तोड़ने की शुरूआत की गई तो उनकी सच्चाई उजागर होने से गुस्सा चेहरे पर अपने आप ही झलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..?

# चीचली में आयोजित हुई कलेक्टर की मौजूदगी में विकासखंड स्तरीय बैठक

## शासन की योजनाओं सहित कार्यक्रमों व अभियानों पर हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शुक्रवार को जिला कलेक्टर द्वारा शहीद नगरी चीचली का दौरा करते हुये यहां पर विकास खंड स्तरीय बैठक लेते हुये जल संचय जन भागीदारी में 28 पंचायत सचिवों द्वारा कार्य में रूचि न लेने पर वेतन काटने के निर्देश गये है। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत चीचली के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सचिवों और जीआरएस की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल संचय जन भागीदारी, एक बगिया मां के नाम, धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान, पीएम जन मन योजनान्तर्गत आवास, संबल योजना, विद्युत बिल, मनरेगा, समग्र ई- केवायसी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए गये। वही बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले 28 ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संचय जन भागीदारी और जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को रूचि लेकर पूर्ण करें। अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही न हो। धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान के तहत ग्रामों में आवासों की कम प्रगति पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए पीसीओ भानु प्रसाद ठाकुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5-5 हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं। साथ ही संबल योजना के अंतर्गत कोई भी ग्राम पंचायतों में दो माह से अधिक के प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए और सभी प्रकरण पूर्ण किए जाए। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने बैठक में समग्र ई-केवायसी की समीक्षा करते हुए इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उदय सिंह, तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम के आलवा अन्य अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव व जीआरएस मौजूद थे।

# शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में शामिल हुये शिक्षा मंत्री

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के रुद्र मैदान, पुराने कॉलेज ग्राउंड पर समीपस्थ ग्राम बोहानी निवासी देश के वीर सपूत शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की स्मृति में आयोजित माँ नर्मदा कप 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य समारोह के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर बीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आयोजकों और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा का अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा हम सभी के लिए प्रेरणा है। इस दौरान उन्होंने कहा शहीदों के बलिदान से ही हम आज सुरक्षित माहौल में खेल और अन्य गतिविधियाँ कर पाते हैं । रुद्र मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए मंत्री ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया। युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने और नशे से दूर रहने की अपील भी की। नगर पालिका अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा ने शहीद आशीष शर्मा को याद करते हुए उनकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति ऐसी प्रतियोगिताएँ आयोजित कर उभरती हुई खेल प्रतिभाओं के लिए एक अच्छा मंच प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में भाजपा नेता घनश्याम राजपूत, मिनेंद्र डागा, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, राव संदीप सिंह, रीतेश राय, आशीष राजपूत, लखन साहू सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

## पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी जारी किये गये थें। मगर वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों द्वारा मात्र अखबारों में ईश्हार निकलवाने तक की कार्यवाही करते हुये अपनी खाना पूर्ति करते हुये नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है और इसी का परिणाम है कि शासन का आदेश इस समय लगातार हो रहे पॉलिथिन के उपयोग पर बेअसर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने में सिर्फ सब्जी भांजी ही नही रखी जा रही बल्कि गर्म चाय तक अब पॉलीथिनों में रखते हुये जहां तहां पहुंचाई जाने लगी है, जिसके चलते किसी भी पॉलीथिन में रखी हुई गर्म वस्तु जहरीली होने से नही बच पाती है और शायद इसी सोच के चलते शासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये थें। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि बाजार में खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है।

## सड़क किनारे लगे हुये पेड़ बने विज्ञापन स्थल, प्रशासन की उदासीनता के चलते की जा रही खिलवाड़

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा आये दिन पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये लोगों को पौधा रोपण करने का संदेश देने से नही चूकता है। मगर वही दूसरी ओर देखा जाता है कि जो पेड़ इस समय हरे भरे हुये दिखाई दे रहे है उनके रख रखाव में प्रशासन द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाल स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय शहरों के साथ साथ गाडरवारा करेली राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर लगे हुये पेड़ो को देखते हुये अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इन



शासकीय पेड़ो के प्रति प्रशासन कितना जागरूक है। क्योंकि मुख्य मार्ग किनारे लगे हुये इन पेड़ो को जहां संबंधित विभाग द्वारा रख रखाब के नाम पर मात्र साल भर में एक बार लाल रंग की गेरू व सफेद रंग का चूना से पुताई करने के बाद नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि यह शासकीय संपत्ति इस समय विज्ञापन पार्टियों के लिये प्रमुख स्थल बन चुके है और लोगों द्वारा मन मुताबिक इन पेड़ों के सीना में कील ढ़ोकते हुये धडल्ले से अपने विज्ञापन लगाने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से पर्यावरण की रक्षा के लिये प्रमुख माने जाने वाले यह प्रकृति की धरोहर पूर्णरूप से विज्ञापन स्थल बनते हुये शासन प्रशासन द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिये दिये जाने वाले उस संदेश को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह पेड़ो में विज्ञापन या बेनर लगाने के लिये ठोकी जाने वाली कीलों के चलते वह पेड़ उस जगह से खराब होना शुरू हो जाते है और अंदर ही अंदर पोले होने के कारण कुछ समय बाद गिरने से नही बच पाते है। मगर इस तरह की जा रही अनदेखी निश्चित तौर से पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने वाले अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रहे है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम जिमरा की बेटी पूजा झारिया बनी डॉक्टर



शहपुरा - डिंडोरी जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जिमरा की बेटी पूजा झारिया ने एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। पूजा झारिया पिता ओमप्रकाश झारिया,मां सुनीता झारिया ने वर्ष 2021 में नीट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर मेडिकल कॉलेज जबलपुर में प्रवेश प्राप्त किया था। लगातार मेहनत और लगन के बल पर पूजा ने मई 2026 में घोषित एमबीबीएस परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और जिले को गौरवान्वित किया है। पूजा की इस उपलब्धि से ग्राम जिमरा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर मेडिकल क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाली पूजा झारिया आज क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के दम पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। परिजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने पूजा झारिया को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू कक्ष, नेत्र कक्ष, बेड की उपलब्धता एवं चिकित्सा उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर पंचोली ने स्वास्थ्य अधिकारियों से मरीजों को बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. परस्ते, डॉ. एससी राय सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आर्यन ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की एमबीबीएस की परीक्षा

अनूपपुर। आर्यन प्रताप सिंह का प्रावीण्य सूची से लेकर एमबीबीएस तक का सफर शानदार रहा है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज शहडोल से एमबीबीएस फाइनल ईयर की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर आर्यन अब डॉ. आर्यन बन गए हैं। डॉ. आर्यन शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। पढ़ाई के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत के बल पर उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। डॉ. आर्यन, अनूपपुर निवासी अंजनी कुमार सिंह "मेजर" के पुत्र हैं। साथ ही वे वरिष्ठ पत्रकार अनुपम सिंह. वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सिंह तथा अरुण कुमार सिंह के भतीजे हैं। उनकी इस सफलता पर परिवारजनों सहित सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकों एवं गुरुजनों ने बताया कि आर्यन हमेशा से अनुशासित, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के साथियों ने भी उनकी सफलता को प्रेरणादायक बताया। परिवारजनों ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज शहडोल से सफलता प्राप्त करने पर मित्रो, परिवार व शुभचिन्तको के द्वारा बधाई दी जा रही है।

### रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल पीएनएम बैठक के मांग पर जीडीसी परीक्षा होगी जल्द

अनूपपुर। रेलवे जोन मुख्यालय बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के उपस्थित में वर्ष 2026 की प्रथम जोनल पीएनएम बैठक महाप्रबंधक सभागार में 06 व 07 मई को आयोजित हुआ, युवा रेल कर्मचारियों की बहु प्रतीक्षित मांग वर्ष 2023 की परीक्षा आयटम क्रमांक 15 में व्यापक चर्चा हुई जिस पर प्रधान मुख्य कार्मिक ने बताया, प्रशासन ने वर्ष 2023 की परीक्षा को रद्द करने हेतु रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज दिया था, परंतु रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के हस्तक्षेप के उपरांत, महाप्रबंधक बिलासपुर तरुण प्रकाश के निर्देश पर रेल प्रशासन को अपना जीडीसी अधिसूचना रद्द करने का प्रस्ताव लिखित में वापस लेना पड़ा।

# शहपुरा न्यायालय में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत संपन्न, आपसी सुलह से कई प्रकरणों का हुआ निराकरण

शहपुरा

डिण्डौरी जिले के व्यवहार न्यायालय शहपुरा में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कर्नल सिंह श्याम, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति शहपुरा द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लोक अदालत हेतु गठित खण्डपीठ में कुल 14 आपराधिक प्रकरण, 2 चेक बाउंस प्रकरण तथा अन्य 9 मामलों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों के पक्षकारों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए न्याय वृक्ष के रूप में पौधे भी वितरित किए गए। आयोजन के माध्यम से लोगों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।





# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में एएनसी पंजीयन, गंभीर एनीमिया, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, मातृ-शिशु मृत्यु, सिकल सेल एनीमिया और टीबी कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। एएनसी पंजीयन में कम प्रगति पाए जाने पर कई उप स्वास्थ्य केंद्रों की सीएचओ और एएनएम का पांच दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

टीबी नोटिफिकेशन, स्क्रीनिंग और एक्स-रे उपलब्धि कम रहने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं एनआरसी में बच्चों की कम भर्ती होने पर अमरपुर और समनापुर के खंड चिकित्सा अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सभी बीएमओ, बीपीएम और जिला नोडल अधिकारियों को योजनाओं की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमों की अनदेखी के आरोप

डिंडौरी।

शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणाधीन 50 बिस्तरीय अस्पताल भवन को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल खड़े होने लगे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस भवन के निर्माण स्थल पर अब तक सूचना बोर्ड नहीं लगाए जाने से लोगों में नाराजगी है। नागरिकों ने इसे पारदर्शिता की कमी बताते हुए संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।जानकारी के मुताबिक शासकीय निर्माण कार्यों में प्रारंभ से ही सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है। इसमें परियोजना की स्वीकृत लागत, निर्माण एजेंसी, ठेकेदार, कार्य अवधि और विभागीय अधिकारियों से जुड़ी जानकारी दर्ज रहती है, ताकि आमजन को कार्य की पूरी जानकारी मिल सके। बावजूद इसके अस्पताल निर्माण स्थल पर ऐसी कोई जानकारी प्रदर्शित नहीं की गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक धन से होने वाले निर्माण कार्य में जानकारी छिपाए जाने से संदेह की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पहले से ही सवाल उठ रहे हैं, वहीं जिम्मेदार विभाग की ओर से प्रभावी निगरानी भी दिखाई नहीं दे रही है।ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच, गुणवत्ता परीक्षण और स्थल पर तत्काल सूचना बोर्ड लगाए जाने की मांग की है, ताकि परियोजना से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक हो सके।





## ई-विकास प्रणाली से खाद वितरण होगा पारदर्शी

डिंडौरी। कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन जनरेशन एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य खाद वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध बनाना रहा।बैठक में बताया गया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को सुगम तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में जिले की सहकारी समितियों, विपणन संघों, निजी उर्वरक विक्रेताओं तथा विभिन्न उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कृषक पंजीयन, ई-टोकन जनरेशन और उर्वरक प्राप्ति की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही प्रणाली के संचालन से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।उपसंचालक कृषि संजय दोशी ने जिन समितियों में खाद भंडारण शून्य है उन्हें शीघ्र उर्वरक उठाव करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।बैठक में सहायक संचालक कृषि कृष्णकुमार चौहान सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# होमगार्ड और एसडीईआरएफ जवानों को जल आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण





डिंडौरी।

आगामी बाढ़ एवं जल आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से जिला होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 4 मई से 9 मई तक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित हुआ।प्रशिक्षण के दौरान जवानों को बेसिक एवं एडवांस तैराकी, जल बचाव तकनीक, आपदा उपकरण संचालन और डीआरसी संबंधी व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्रभारी नरेश कुमार साहू एवं प्लाटून कमांडर शिवराज पंद्रे ने जवानों को जल आपात स्थिति में सुरक्षित एवं त्वरित रेस्क्यू के तरीके सिखाए।

जवानों को डेम घाट पर ले जाकर तैराकी अभ्यास, बोट संचालन, ब्रीदिंग तकनीक, डीप डाइविंग और विक्टिम रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, फुट पंप एवं अन्य रेस्क्यू उपकरणों के उपयोग की जानकारी भी प्रदान की गई।प्रशिक्षण में बोट तैयार करने, ओबीएम संचालन, रेस्क्यू सामग्री लोडिंग-अनलोडिंग तथा आपदा के दौरान समन्वित कार्रवाई का अभ्यास भी कराया गया।

# पोषण योजनाओं की धीमी रफ्तार पर कलेक्टर सख्त



डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पोषण ट्रैकर के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। नवीन चिन्हांकन हितग्राहियों के कार्य आधार और अपार आईडी निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई।आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर पर्यवेक्षकों को नियमित भ्रमण और सेक्टर बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डाटा कलेक्शन और स्टंटिंग संबंधी आंकड़ों में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया।

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों और हितग्राहियों को मिलने वाली सेवाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर संबंधित कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ति के प्रस्ताव भेजने को कहा गया।बैठक में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने रसोईघरों की नियमित जांच करने तथा साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र लंबित होने की जानकारी पर ई-गवर्नेंस सोसायटी को विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने आगामी 15 दिनों में सभी विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश देते हुए जल्द पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने की बात कही।

# जनगणना कार्य का संयुक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

शहपुरा।

भारत की जनगणना के तहत शहपुरा नगर में संचालित जनगणना कार्यों का भोपाल जनगणना निदेशालय से पहुंचे संयुक्त निदेशक जयशहदाद पूरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक निदेशक आशीष श्रीवास्तव एवं जिला प्रभारी जयदीप नंदनवार भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान नगरीय निकाय शहपुरा अंतर्गत विभिन्न प्रगणक ब्लॉकों का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने नजरी नक्शा जनगणना आईडी भवनों के उपयोग तथा परिवार संबंधी जानकारी का अवलोकन किया।

संयुक्त निदेशक ने निर्देश दिए कि जनगणना एवं मकान सूचीकरण कार्य में कोई भी वास्तविक जानकारी छूटने न पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण उपरांत उन्होंने नगरीय निकाय शहपुरा द्वारा किए जा रहे जनगणना कार्य की सराहना करते हुए कार्य को इसी तरह जारी रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा नगर परिषद सीएमओ रीना राठौर तथा तहसीलदार राम प्रसाद मार्को उपस्थित रहे।



# दो दिनों में 6 मवेशियों की मौत, वन अमला भी हमले में घायल

## ग्रामीणों में दहशत, हाथी को तत्काल रेस्क्यू कर जिले से बाहर करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के ग्राम पंचायत सेंदुरी, सोनमौहरी, अमगवां, छुलहा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से विचरण कर रहा एक आक्रामक दंतैल हाथी अब ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बन चुका है। 8 और 9 मई की रात हाथी ने अलग-अलग स्थानों पर हमला कर कुल 6 पालतू मवेशियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि एक बैल गंभीर रूप से घायल है। हाथी की आक्रामकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि निगरानी कर रहे वन परिक्षेत्र अधिकारी और प्रशिक्षु रेंजर भी उसके हमले से बचते समय घायल हो गए। लगातार हो रहे नुकसान और भय के माहौल के बीच ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और वन विभाग से हाथी को तत्काल रेस्क्यू कर जिले से बाहर करने की मांग तेज कर दी है।

### रात में गांवों में घुसकर मचाया उत्पात

जिला मुख्यालय अनूपपुर से कुछ किलोमीटर दूर स्थित सोनमौहरी बीट के जंगल में पिछले आठ दिनों से डेरा जमाए यह अकेला दंतैल हाथी दिन में जंगल में विश्राम करता है और रात होते ही भोजन की तलाश में गांवों की ओर निकल पड़ता है। गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि हाथी ने सेंदुरी गांव में कई घरों और खेतों के पास बंधे मवेशियों पर हमला कर चार गाय-बैलों को मार डाला। वहीं एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार पशु चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी लगातार घरों के आसपास पहुंचकर तोड़फोड़ भी कर रहा है। अमगवां, सोनमौहरी और गोहाटोला में कई ग्रामीणों के मकानों को नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगी फसलें भी हाथी का निवाला बन रही हैं।

### वन अमला भी नहीं सुरक्षित

शुक्रवार देर रात हाथी सोनमौहरी के पिचिंगटोला पहुंच गया, जहां उसने एक भैंस और एक पाड़ा को बुरी तरह पटककर मार डाला। हाथी की निगरानी कर रहे वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह और प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव दुबे अचानक हाथी के हमलावर होने पर जान बचाकर भागे, लेकिन गिरने से घायल हो गए। दोनों को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घटना के दौरान रेलवे लाइन के पास हाथी की मौजूदगी से एक मालगाड़ी चालक को भी ट्रेन रोकनी पड़ी। इससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा है।

### पहले भी ले चुका है तीन लोगों की जान

वन विभाग के अनुसार यह दंतैल हाथी छत्तीसगढ़ के कटघोड़ा वन मंडल के हाथियों के झुंड से अलग होकर लगभग 24 दिन पहले अनूपपुर जिले में प्रवेश किया था। इस दौरान यह हाथी भोलगढ़, ताराडांड और छत्तीसगढ़ सीमा के जंगलों में तीन लोगों की जान ले चुका है तथा कई लोगों को घायल कर चुका है। हाथी को भगाने का प्रयास करने पर यह और अधिक आक्रामक हो जाता है तथा ग्रामीणों को दौड़ाकर हमला करने की कोशिश करता है।

## मौज-मस्ती के शौक ने बनाया चोर, 7 चोरियों का खुलासा




नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना स्टेशन गंज पुलिस द्वारा 7 चोरी की वारदातों का खुलासा किया गया। थाना स्टेशन गंज क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष रणनीति तैयार कर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ प्रभावी रात्रि गश्त हेतु टीमों को रवाना किया गया। इसी दौरान मुखबिर से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के घूमने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर कार्यवाही की गई, जिसके परिणामस्वरूप 6 संदिग्धों को अभिरक्षा में लेने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिए गए 3 नाबालिक विधि उल्लघंनकर्ता बालकों सहित संदिग्धों से प्रारंभिक पूछताछ में गिरोह द्वारा जिले में 7 चोरी ग्राम चीलाचोन, सुपला, खुरपा बडा, विपतपुरा में दो स्थानों पर, जेल क्वाटर्स, अतिथि होटल मंडी रोड की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है तथा अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है। आरोपियों द्वारा पूछताछ बताया कि अच्छी लाइफ स्टाइल, होटलिंग, घूमने-फिरने एवं मौज-मस्ती के शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी से प्राप्त रकम एवं सामान को बेचकर विधि उल्लघंनकर्ता बालक एवं आरोपी ऐशो-आराम एवं फिजूलखर्ची में खर्च करते थे। विधि उल्लघंनकर्ता बालकों सहित अभिरक्षा में लिए गए शातिर चोर क्षेत्र में घूमकर पहले सुनसान एवं बंद मकानों की रेकी करते थे। इसके बाद देर रात घरों के दरवाजे एवं ताले तोड़कर नकदी, जेवर एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। आरोपी पहचान छिपाने एवं पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग रास्तों एवं सुनसान गलियों का उपयोग करते थे। वारदात के बाद चोरी का सामान कम कीमत में बेचकर आपस में रकम बांट लेते थे। चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह से पूछताछ पर उनके द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगभग 7 चोरी की घटनाओं को अंजाम देने स्वीकार किया गया एवं चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर को मनीष सोनी निवासी गांधी वार्ड, नरसिंहपुर को बेचना बताया गया जिस पर से तत्काल कार्यवाही करते हुए दुकानदार को गिरफ्त में लिया जाकर चोरी के खरीदे हुए जेवर वरामद किए गए है। शातिर चोरी गिरोह का को पर्दाफास कर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर जिनमें मुख्यतः चेन, मंगलसूत्र, कान के झुमके, कान की बाली, पायल, करधन, मनचली, आदी लगभग 20 लाख मूल्य के जेवर बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरोह के कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल जप्त की गई। आरोपी कमलेश उर्फ मंगल चैधरी पिता हरिराम चैधरी, उम्र 19 साल, निवासी करहैया, बचई, विशेष उर्फ भोला ठाकुर पिता तुलसीराम ठाकुर, उम्र 19 साल, निवासी ग्राम खमतरा, मनीष सोनी पिता मोहनलाल सोनी, उम्र 45 साल, निवासी गांधीवार्ड, नरसिंहपुर, वैधानिक कार्यवाही कर धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है।

### शराब ठेकेदार से मारपीट का मामला....

## एसआईटी गठित कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन





नरसिंहपुर। जिले में पुलिस द्वारा अपराधों पर लगाम लगाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है लेकिन अपराध कम होते नजर नही आ रहे है। गत दिवस सामाजिक एवं जागरूक लोगों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंप कर उक्त मामले मे एसआईटी से जांच कराने की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि आरोपियों द्वारा शराब ठेकेदार से पांच लाख रूपए मासिक रंगदारी की मांग की गई जिसे नो देने पर मारपीट तथा अपहरण किया गया। उक्त मामला बीते सप्ताह शराब ठेकेदार के कार्यालय मे घुसकर मारपीट कर उसका अपहरण किया गया आरोपियों द्वारा शराब ठेकेदार से मारपीट करने का वीडियो बनाया गया जिसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया।

### 5 लाख की मासिक रंगदारी की मांग

थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत करकबेल शराब दुकान के ठेकेदार के साथ की गई मारपीट व अपहरण के मामले मे बड़ा बात सामने आई जिसमें बड़े आरोप लगाए गए। शनिवार को पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि माँ नर्मदा स्टोन क्रेशर कंपनी और करकबेल शराब दुकान के लाइसेंसधारी ठेकेदार प्रदीप कौरव के साथ सरेआम मारपीट, अपहरण और रंगदारी मांगने की घटना घटित हुई है। इस मामले में क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित करने की


हरिभूमि
मामला: शराब ठेकेदार का अपहरण व मारपीट
मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, घटना 2 मई 2026 की दोपहर करीब 1 बजे की है। प्रदीप कौरव अपने कार्यालय में कर्मचारियों के साथ बैठे थे, तभी गोपाल लोधी, अभिषेक लोधी, सोनू ठाकुर और भरत लोधी जबरन दफ्तर में घुस आए। आरोपियों ने प्रदीप कौरव को घसीटते हुए बाहर सड़क पर लाया और लात-घूंसों व थप्पड़ों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। घटना के दौरान 4-5 अन्य लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, वहां पहुंचे और मारपीट में शामिल हो गए। इसके बाद आरोपी उन्हें जबरन एक बोलेरो गाड़ी में बैठाकर नहर के पास ले गए।


### जान से मारने का प्रयास की फायरिंग

आरोप है कि गाड़ी में मौजूद दीपक लोधी ने प्रदीप कौरव की लाइसेंसी पिस्टल छीन ली और एक हवाई फायर किया। आरोपियों ने ठेकेदार को धमकाते हुए कहा कि अगर शराब दुकान चलानी है, तो हर महीने 5 लाख रुपये की रंगदारी देनी होगी। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ सामूहिक रूप से मारपीट की और जान से मारने का प्रयास किया। मारपीट के बाद आरोपी ठेकेदार को अधमरी हालत में थेमी थाने के पास फेंककर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी दीपक लोधी बाद में छीनी गई पिस्टल जमा करने थाने पहुँचा और वहाँ भी पीड़ति को धमकाया, जिसकी फुटेज सीसीटीवी में रिकॉर्ड होने का दावा किया गया है।

### मुख्य आरोपियों को नही पकड़ पाई पुलिस

शराब ठेकेदार प्रदीप कौरव को चेहरे, सिर, पेट और शरीर के आंतरिक हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी नाक की हड्डी भी टूट गई है। वर्तमान में उनका इलाज जबलपुर और भोपाल के अस्पतालों में चल रहा है। पीड़ति पक्ष का आरोप है कि थेमी थाना पुलिस ने इस मामले में उचित धाराएं नहीं लगाई हैं। पुलिस ने अपराध क्रमांक 0165/2026 के तहत धारा 296(बी), 115(2), 332(सी), और 138,3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने वास्तविक अपराध के अनुरूप धाराएं नहीं जोड़ी हैं। वही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही अन्य आरोपियों की गिरफ्तार होना शेष है सूत्रों की माने तो मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है सात दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथखाली है।

## ट्रस्ट का गठन व मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस श्री देव नारायण मंदिर ट्रस्ट झिरना की भूमि को अतिक्रमण के मुक्त कराने के लिए जागरूक नागरिकों द्वारा आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे उल्लेख किया गया है कि श्री देव नारायण मंदिर ट्रस्ट झिरना की भूमि नेहरू वार्ड मे स्थित है एवं मंदिर ट्रस्ट की भी कई जगह खाली पड़ी हुई है जिस पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है वही मंदिर मे आय ना होने के कारण मंदिर जीर्ण शीर्ण होता जा रहा है।

मांग की गई है कि श्री देव नारायण मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों को स्वर्गवास हो चुका है। वर्तमान मे कोई ट्रस्टी नही बचा है तथा नया ट्रस्ट बना कर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए जिससे होने वाली आए से मंदिर का जीर्णोद्धार हो सके। आवेदन मे बताया गया है कि उक्त संबंध में पूर्व में भी आवेदन दिया जा चुका है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की गई। उक्त अवसर पर एड. अभिषेक शर्मा, वैभव सराबगी, शुभम दुबे, रघुराज कौरव, शिवम साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज से

नरसिंहपुर। भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग डी एम पैलेस करेली में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण वर्ग में पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी श्रीराम शुक्ला, भाजपा जिला प्रभारी शरद जैन, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल महेंद्र नागेश की गरिमामय उपस्थिति में होगा। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील जिला भाजपा द्वारा की गई है।

## 28 सचिवों का वेतन काटने के निर्देश



नरसिंहपुर। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद पंचायत चीचली के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सचिवों और जीआरएस की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल संचय जन भागीदारी, एक बगिया मां के नाम, धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान, पीएम जन मन योजनान्तर्गत आवास, संबल योजना, विद्युत बिल, मनरेगा, समग्र ई-केवायसी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में संतोषजनक कार्य नहीं करने वाले 28 ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संचय जन भागीदारी और जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को रूचि लेकर पूर्ण करें। अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही न हो। धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम अभियान के तहत ग्रामों में आवासों की कम प्रगति पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए पीसीओ भानु प्रसाद ठाकुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5-5 हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं। साथ ही संबल योजना के अंतर्गत कोई भी ग्राम पंचायतों में दो माह से अधिक के प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी प्रकरण पूर्ण किए जाए। उन्होंने बैठक में समग्र ई- केवायसी की समीक्षा करते हुए इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उदय सिंह, तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम, अन्य अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव व जीआरएस मौजूद थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



नरसिंहपुर। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में एनटीपीसी गाडरवारा में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी गाडरवारा, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गाडरवारा और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में समिति के सदस्यों ने यातायात सुधारने, गड्ढों की मरम्मत करने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, मनमानी तरीके से पार्किंग न करने, अतिक्रमण हटाने, एनटीपीसी वाहनों की गति निर्धारित करने आदि के संबंध में सुझाव दिए गए। उन्होंने एनटीपीसी को निर्देशित किया कि एनटीपीसी से लोड होने वाले वाहनों की जांच परिसर में ही करें। सड़क के किनारे वाहनों को अनावश्यक रूप से खड़े न रखने के निर्देश दिए।

## पुलिस द्वारा की जा रही अपने मुंह वाहवाही



नरसिंहपुर। जिले मे पुलिस व्यवस्था दुरुस्त करने की प्रसास पुलिस अधीक्षक द्वारा निरंतर किया जा रहा है। लेकिन ना ता अपराधों मे कमी आ रही है और ना ही सुचारू रूप से जानकारी दी जा रही है। ऐसा ही मामला थाना मुंगवानी क्षेत्र सामने आई जिसमें पुलिस ने अपने मुंह से वाहवाही लूटने के लिए प्रेस नोट जारी कर दिया। पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि थाना मुंगवानी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंगवानी के एक बस जो बहराइच नेपाल बार्डर से बैंगलूर जा रही थी। वह बस सुबह दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। दुर्घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से 10 घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। उक्त दुर्घटना में 10 लोगों को साधारण चोटे आयी थी जिनका उपचार जिला अस्पताल नरसिंहपुर में चल रहा है। शेष सभी यात्री सुरक्षित है। दुर्घटना के बाद मौके पर यातायात व्यवस्था प्रभावित होने पर पुलिस द्वारा त्वरित रूप से मार्ग को सुचारू कराया गया तथा स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस ने प्रेस नोट मे घटना स्थल की मूल जगह का नाम नही लिखा गया तथा बचाव कार्य मे क्या किया गया यह भी नही बताया गया लोगों का कहना है कि पुलिस अपनी वाहवाही लूटने के लिए ऐसा कार्य कर रही है। जबकि प्रेस नोट मे घायलों की जानकारी, बस नंबर, घटना स्थल आदि जानकारी शामिल होती है।

## टीबी मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट



नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास भवन नरसिंहपुर में टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करते हुए फूड बास्केट का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर समाज सेवा व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवकों व कर्मचारियों को शाल- श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि विभिन्न संगठनों समाज सेवी से जुड़े जागरूक नागरिक मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर से बेहतर कार्य करें, जिससे प्रदेश स्तर में नरसिंहपुर जिले का नाम रोशन हो सके। उन्होंने रेडक्रॉस के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज के अन्य लोगों से भी सेवा कार्यों में भागीदारी की अपील की। इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के समिति के सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, चेयरमैन रेडक्रास डॉ. अनंत दुबे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. रिपुदमन सिंह सहित रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।




## राज्यपाल से सम्मानित हुए रेडक्रॉस अध्यक्ष व सदस्य

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस विश्व रेड क्रॉस दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी भोपाल द्वारा म प्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भोपाल में राज्यपाल मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता में डॉ श्याम सिंह कुमरे चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी भोपाल एवं रामेंद्र सिंह महामंत्री की उपस्थिति में डॉ अनंत दुबे चेयरमैन एवं एस के चतुर्वेदी सदस्य प्रबंध समिति भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला नरसिंहपुर को उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया।

## सफाई कर्मी एक सप्ताह से हड़ताल पर, सड़कों पर कचड़े के ढैर और बजबजा रही नालियां




तेंदूखेड़ा इन दिनों तेंदूखेड़ा के सफाई कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर चल रहे हैं जिस कारण से नगर की साफ सफाई व्यवस्था चौपट बनीं हुई है। सड़कों पर कचड़े के ढैर और नालियां बजबजा रही है। विगत दिवस कर्मचारियों ने एक रैली निकाल कर नगर परिषद के सामने प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की बात कही।सफाई कर्मचारी संघ के राजेश पथरोल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि हड़ताल पर जाने के पूर्व संघ की तरफ से लिखित में नगर परिषद के अधिकारियों और अनुभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई थी। जिसमें उल्लेख किया गया था कि ग्राम पंचायत के समय से ही कर्मचारी नगर की साफ सफाई करते चले आ रहे हैं लेकिन उन्हें आज तक स्थाई नहीं किया गया है। सफाई कर्मचारियों का एरीयर्स महीनों से रुका हुआ है जिसे तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों के बैंक खातों में समायोजित किया जाये।हर महिनें की पांच तारीख तक सफाई कर्मियों का वेतन भुगतान किया जाये जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। कर्मचारियों का आरोप है कि सफाई कर्मचारियों के वेतन में से हर महिनें ईपीएफ की राशि तो काटी जा रही है लेकिन उनके पी एफ में यह राशि जमा नहीं हो रही है।इस राशि का पूरा हिसाब दिया जाये और राशि उनके खातों में समायोजित की जाये।

### जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाड़ू

नगर में फैली गंदगी और साफ सफाई को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छता अभियान के तहत नगर के जनप्रतिनिधियों के द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वयं झाड़ू लगाई गई।



### परिषद की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजीव लोचन कटारे से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि वैसे भी नगर परिषद की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है।चुंगी क्षति पूर्ति से आने वाली राशि से ही हम वेतन भुगतान कर पाते हैं।जो 28 29 ता तक आ पाता है। कर्मचारियों को 12 लाख रुपए हर माह भुगतान करना पड़ता है और हमारे पास आवक एक तिहाई ही है। इसमें से हमें बिजली बिल के साथ अन्य खर्च भी जुड़े हुए हैं। जहां तक सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का सवाल है तो इनकी मुख्य मांग एरीयर्स को लेकर है हम भुगतान करने को तैयार हैं लेकिन कर्मचारी दो किस्तों में मांग रहें। चूंकि दो किस्तों में 25 लाख का भुगतान करना वित्तीय स्थिति के हिसाब से ठीक नहीं है। कर्मचारियों को माह के वेतन के साथ पहली किस्त और दो किस्तों में शेष राशि डाल देंगे। तथा किसी माह वसूली या चुंगी के कारण लेट हो जाते हैं बल्कि कोशिश करतें हैं कि भुगतान 10 तारीख के पूर्व हो जाये। कर्मचारी अपनी अड़ी पर अडग बनें हुए हैं।हम उनकी जायज मांगों को मानने तैयार हैं यह विषय वरिष्ठ अधिकारियों को भी जानकारी में दे दी गई है।

## नेशनल लोक अदालत में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में विभिन्न मामलों का हुआ निराकरण

तेंदूखेड़ा शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला नरसिंहपुर के निर्देशानुसार एवं सचिव दिनेश मीणा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय तेंदूखेडा में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष शिव कान्त कुशवाहा के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें अधिवक्तागण नगर परिषद स्टेट बैंक सोनाटा फाइनेंस पंजाब नेशनल बैंक म०प्र० ग्रामीण बैंक इत्यादि बैंको के कर्मचारी एवं उन बैंको से संबंधित पक्षकार एवं समस्त न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण एवं राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण जल विद्युत कर आदि से संबंधित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों का आपसी बातचीत से समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 24 प्रकरणों का आपसी सामंजस्य सौहार्द्रपूर्ण समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। जिसमें 42 व्यक्ति लाभान्वित होकर 6 89 500 रूपये का समझौता हुआ इसी तरह कुल प्रीलिटीगेशन के 50 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 4 27 734 रूपये की राशि का समझौता हुआ। जिसमें 50 व्यक्ति लाभान्वित हुए। समझौता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने वाले पक्षकारों को आपसी भाईचारे का संकल्प दिलाते हुए जाकर फलदार पौधे भेंट कर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता करने हेतु आभार प्रकट कर नेशनल लोक अदालत का सफलता पूर्वक समापन किया गया।





### नगर परिषद के 128 में से 50 मामले निराकृत

शनिवार को नेशनल लोक अदालत में नगर परिषद के विभिन्न विभागों के 251 मामलों में 50 मामलों का निराकरण किया गया। इसमें संपत्ति कर के 101 प्रकरणों में 26 मामलें निराकृत हुए कुल राशि 219918 में से 108540 रुपए जलकर के 128 मामलों में 23 मामलों का निराकरण किया गया जिसकी कुल राशि 238520 रुपए में से 51120 रुपए प्राप्त हुये दुकान किराये के 18 मामलों में एक भी मामला निराकृत नहीं हो सका जबकि दुकान प्रीमियम के 04 में से मात्र एक मामला ही निराकृत हुआ।